हिंदी पखवाड़ा नौवें दिन हरियाणा केंद्रीय विवि में देशभक्ति गीत कार्यक्रम

विवि में गूंजे देशभक्ति के स्वर

भास्कर न्यूज़। नारनौल

नारनौल. हिंदी पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

हिंदी पखवाड़े के नौवें दिन बुधवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में देशभक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में पर्यावरण विभाग के छात्र सुमित ने प्रथम, गणित विभाग की छात्रा मनीषा ने द्वितीय तथा वाणिज्य विभाग के छात्र अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सुबोध चंद्र भारती को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के डॉ. महेंद्र सिंह, विवि की शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेणु यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। डॉ. महेंद्र सिंह ने छात्रों को संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि उनमें पर्याप्त प्रतिभा हैं, जिसे आगे बढ़ाना चाहिए। डॉ. रेणु यादव ने संगीत में सुर और आवाज के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विवि के हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने किया। राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के उप-अधीक्षक अनिल कानोडिया ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

विवि में गूंजे देशभक्ति के स्वर

महेंद्रगढ़। हिंदी पखवाड़े के नौवें दिन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायकों की भूमिका महिला कालेज के डा. महेंद्र सिंह व विश्वविद्यालय की डॉ. रेणु यादव थी। राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के अनिल कानौडिया ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता में पर्यावरण विभाग के सुमित ने प्रथम, गणित विभाग की मनीषा ने द्वितीय तथा वाणिज्य विभाग के अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सुबोध चंद्र भारती को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।